26 जनवरी गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

# रायगढ़ भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, सोमवार, 26 जनवरी 2026

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

# गर्व की होती है अनुभूति जब रायगढ़ की अमिट स्याही से लिखी संविधान की प्रस्तावना पर हाथ रखकर लेते हैं शपथ





पत्नी स्नेहलता और बच्चों के साथ पंडित किशोरी मोहन त्रिपाठी। तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के साथ मुगल गार्डन में पंडित किशोरी मोहन, उनकी पत्नी स्नेहलता और उनका पोता विप्लव त्रिपाठी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गर्ल्स कॉलेज, इसी नाम से सब पंडित किशोरी मोहन त्रिपाठी गर्ल्स कॉलेज को जानते हैं, इसी कॉलेज के प्रांगण में श्री त्रिपाठी की मूर्ति स्थापित की गई है, लेकिन कई लोग नहीं जानते कौन हैं पंडित किशोरी मोहन त्रिपाठी और उनके नाम पर गर्ल्स कॉलेज बनाया क्यों गया है, तो जान लिजिए कि देश के लिए पंडित किशोरी मोहन त्रिपाठी का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

वो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे साथ ही रायगढ़ जिले से एकमात्र व्यक्ति थे जो भारत के संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य थे। 1946 के आखिरी में संविधान बनाने के लिए देश के दिग्गजों को बुलाया जा रहा था। ऐसे में एक निम्न मध्यम वर्गीय परिवार के पंडितजी का इस सभा में शामिल होना सेंट्रल प्रोविंस एंड बरार (तब के रायगढ़ का राज्य और जिला संबलपुर) के लिए गौरव की बात थी। पंडितजी पंचायती राज के हिमायती, महिला शिक्षा को बढ़ावा, बाल श्रम श्रमिकों पर अंकुश लगाने जैसे प्रस्ताव सदन में लेकर आए थे। 1950 में जब वे सांसद बने तब वे 37 साल के थे तब के हिसाब से सबसे युवा सांसदों में से एक थे। पंडित जी और करीब 10 युवा सांसदों का एक ग्रुप हुआ करता था जो संसद की बहसों में जबरदस्त तरीके से भाग से लेता था। सदन के लोग उनके सवालों के जवाब देने में पस्त हो जाते थे। प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने इस ग्रुप को 'जिंजर' ग्रुप का नाम दिया था। बैरिस्टर छेदी लाल के साथ दिल्ली जाने तक सफर सिर्फ विचार-विर्मश में ही बीत जाया करता था। ऐसे ऐतिहासिक पुरूष थे पंडित किशोरी मोहन त्रिपाठी। 77 वां गणतंत्र दिवस पर हरिभूमि ने उनसे जुड़े कुछ अनछुए पहलुओं को सामने लाने की कोशिश की है।

■ 1946 के आखिरी में संविधान बनाने देश के दिग्गजों को बुलाया गया इसमें एक नाम था पंडित किशोरी मोहन त्रिपाठी का

### संघर्षों में बीता बचपन

पंडित जी का बचपन बहुत कष्ट में बीता था। उनका जन्म 8 नवंबर 1912 में सारंगढ़ रिसायत के सरिया गांव में हुआ था। उनके पिता बलभद्र त्रिपाठी संबलपुर के केंवटेनपाली के विद्वान पंडित थे तो सारंगढ़ के राजा जवाहर सिंह ने उन्हें पूरे परिवार समेत सारंगढ़ बुला लिया। सरिया में घर दिया और खेती के लिए कुछ जमीन भी। वे सारंगढ़ के राजकुमारों, राजकुमारियों को महल में ही शिक्षा देते थे। लेकिन कुछ ही समय बाद पंडित बलभद्र का देहांत हो गया। उस समय किशोरी मोहन महज 7 साल के थे। किशोरी मोहन के बड़े भाई नीलमणी त्रिपाठी, और दो छोटे भाई शशिभूषण त्रिपाठी और सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी थे। अल्पायु में ही पिता का साया सिर से चले जाने के बाद चारो भाईयों को उनके चाचा बंशीधर त्रिपाठी रायगढ़ ले आए। नटवर स्कूल में स्कूली शिक्षा लेने के बाद वो बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से साहित्य विशारद की डिग्री लेकर लौटे।

### छग और ओडिशा में किया कांग्रेस को स्थापित

उन्होंने हालात को भांपकर स्वयं नटवर स्कूल से इस्तीफा दे दिया। फिर वे रिसायत के विरोध में खुलकर सामने आ गए, उन्होंने जबरदस्त मुहिम शुरू की। देश की आजादी के लिए विरोध प्रदर्शनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रियासत के कोप से बचने के लिए कई दफे उन्हें भूमिगत भी होना पड़ा। इसी बीच वो राजनीति से जुड़े। कांग्रेस को रायगढ़ समेत ओड़िशा के कई जिलों में स्थापित करने का श्रेय पंडित किशोरी मोहन त्रिपाठी को ही जाता है। रियासतों के खिलाफ मोर्चा और अंग्रेजी, संस्कृत और हिंदी में पारंगत किशोरी मोहन से भीम राव अंबेडकर के पत्राचार होने लगे। उन्होंने 1947 में किशोरी मोहन को दिल्ली बुला लिया। जहां वे संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य हुए। उस समय राजाओं की पार्टी कही जाने वाली कांग्रेस के हर बड़े नेता के कान खड़े हो गए थे, इसे क्यों शामिल किया। लेकिन जब बैठकों का दौर चला और उन्होंने अपने ड्राफ्टिंग की प्रपोस्ड डायरी में पंचायती राज, बाल श्रमिक पर अंकुश, स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देने पर अपनी बातें रखीं (बाद में उन्हें नीति निदेशक तत्वों में शामिल किया गया) तो सभी को पता चल गया कि बाबा अंबेडकर ने सही आदमी को चुना है।

### शिक्षक बनने में ज्यादा सुकून था

पंडित किशोरी मोहन त्रिपाठी के पुत्र और बयार सांध्य दैनिक के संपादक सुभाष त्रिपाठी अपने पिता को याद करते हुए कहते हैं कि 1962 में वो धरमजयगढ़ विधानसभा चुनाव क्षेत्र से खड़े थे। तब खरसिया भी इसी सीट में शामिल था। पिता जी को हराने के लिए वहां के राजा ने अपने दीवान को खड़े किया था। पूरी राजशाही दीवान के साथ थी लेकिन पिता जी जीते। कहने का मतलब यह है कि निम्नवर्गीय परिवार के किशोरी मोहन त्रिपाठी को सुदूर जंगलों में लोग जानते थे। उनका आजादी के लिए संघर्ष, संविधान निर्माण में योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पिता जी 1947-1950 तक संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य थे, फिर 1950-1952 तक मनोनीत सांसद थे। इसके बाद 1962-1967 तक विधायक थे। इसके बावजूद उनके अंदर क्षण भर का कोई गुरूर नहीं था। वे सदैव डाउन-टू-द-अर्थ रहे। लोग पत्रकार से नेता बनते हैं लेकिन पिताजी ही एकमात्र हैं जो पहले बड़े नेता रूप में स्थापित हुए फिर पत्रकार बने। उन्होंने 1969 में साप्तहिक अखबार बयार की स्थापना की। उन्हें कविता लिखने का बहुत शौक था। मन बैरी मन मीत उनके कविताओं के संग्रह की किताब है। नटवर हाई स्कूल के डायमंड जुबली के अवसर पर निकली पत्रिका 'आलोक' में उन्होंने लिखा था कि सांसद और विधायक बनने से ज्यादा सुकून मुझे एक शिक्षक बनने में मिला। पिता को याद करते-करते 81 साल के सुभाष त्रिपाठी थोड़े भावुक हो जाते हैं। चश्मे के भीतर आए पानी को साफ करते हुए कहते हैं कि पिताजी से बड़ा सज्जन इंसान मैने आज तक नहीं देखा। उनकी साफगोई का हर कोई कायल था। अंग्रेजी और संस्कृत में उनकी जबरदस्त पकड़ थी। पिता को यह सब दादी सावित्री त्रिपाठी से मिला था। उनकी तीसरी पीढ़ी में उनके आर्दश और सादगी देखने को मिल जाएगी।

### हमारे हीरो हैं दिल्ली बा

पंडित जी की तीसरी पीढ़ी की तुलिका सचिन पटनायक अपने नाना को याद करते हुए कहतीं हैं "मुझे आज भी याद है जब वो खादी का कुर्ता और धोती पहने, लाठी लेकर घर में आते तो हमें अहसास हो जाता था कि वो दिल्ली बा ही हैं। दिल्ली में रहने के कारण उन्हें परिवार के बच्चे दिल्ली बा कहते थे । मुझे गर्व है कि मैं उनकी नातिन हूं। गर्मियों की छुट्टियों में नाना जी की कहानियां आज पर्यंत तक याद है। वो सादगी की मिसाल थे, पूर्व विधायक और सांसद होने के बाद भी उनमें जरा सा अहम नहीं था। आजादी से पहले के उनके संघर्ष और बाद की सारी कहानियां हमें मुंहजुबानी याद है। दिल्ली बा लाल रंग की "बही" लेकर बैठते थे जिसमें वो अपनी कविताओं के साथ सारा हिसाब किताब रखते थे। गरीबों की मदद के लिए वो सदैव तत्पर थे। उन्हें अहिंसा पर विश्वास था और भ्रष्टाचार से सदैव दूर रहे। मेरे नाना मेरी मां और मेरे लिए हीरो हैं। विषम परिस्थितियों को कैसे पार करना है ये सब हमने उन्हीं से सीखा है। मां बताती है कि वो आठ भाई-बहन थे। नाना जी के पास आय का कोई मजबूत जरिया नहीं था इसके बावजूद उन्होंने पूरे परिवार की परवरिश बेहतर तरीके से किया। आज उनका पूरा खानदान सेटल है। पंडित किशोरी मोहन की बहू आशा त्रिपाठी बताती हैं कि दिल्ली बा परंपराओं को मानने वालों में से थे लेकिन जितनी आजादी उन्होंने अपने परिवार वालों को 50 के दशक से देना शुरू किया था उतना तो आज के जमाने में देखने को नहीं मिलता।

## प्रभारी मंत्री करेंगे ध्वजारोहण लेंगे परेड की सलामी



**रायगढ़।** जिले के प्रभारी और कृषि मंत्री रामविचार नेताम मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। इस दौरान परेड की सलामी लेंगे और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। ध्वजारोहण के लिए मिनट टू मिनट कार्यक्रम तय किया गया है। इसी हिसाब से कार्यक्रम का आयोजन होगा। सुबह 8 बजकर 58 मिनट में मुख्य अतिथि का शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आगमन होगा। 8.59 मंच पर पहुंचेंगे, 9.00 ध्वजारोहण, राष्ट्रगान और सलामी, 9.02 वंदे मातरम का सामुहिक गायन, 9.06 परेड कमांडर द्वारा परेड रिपोर्ट, 9.08 मुख्य द्वारा परेड का निरीक्षण, 9.15 मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे और गुब्बारा आकाश में छोड़ेंगे, 9.33 परेड द्वारा तीन बार हर्ष फायर किया जाएगा, 9.35 मार्च पास्ट और मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडर्स से परिचय, 9.48 शहीदों के परिजनों का शाल और श्रीफल से सम्मान, 9.50 सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.23 झांकियों का प्रदर्शन और 10.38 बजे पुरस्कार वितरण होगा।

## रेटी टू ईट आपूर्ति में की जा रही कटौती, शिकायत

**बम्हनीडीह।** बम्हनीडीह ब्लाक के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट आपूर्ति में कटौती करने का मामला सामने आया है। प्रत्येक केन्द्र में निर्धारित मात्रा से 5 से 10 पैकेट कम दिए जा रहे है। इस बात को लेकर शिकायत की गई है।

ज्ञात हो कि बम्हनीडीह परियोजना में यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। नाम नहीं छापने के शर्त पर दर्जनों आंगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने बताया है कि बम्हनीडीह के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में पिछले 6 महीनों से रेडी टू ईट फूड की आपूर्ति में भारी कटौती की जा रही है। प्रत्येक केंद्र में निर्धारित मात्रा से 5 से 10 पैकेट कम दिए जा रहे हैं। पैकेट आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए बच्चों और गर्भवती महिलाओं के घरों तक पहुंचने चाहिए थे, वे कथित तौर पर खुले बाजार में बेचे जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के उच्च अधिकारियों ने अब तक इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया है। इस संबंध में महिला एवं बाल अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल का कहना है कि बम्हनीडीह ब्लाक में रेडी टू ईट फूड आपूर्ति में कटौती की शिकायत मिली है। इसकी जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## खेत में पलटा ट्रक, तीन लोगों को आई गंभीर चोटें

**तालदेवरी।** ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ईको वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ईको वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। इधर घटना के बाद ट्रक बिजली खंभे को तोड़ते हुए सड़क किनारे जा पलटी। इस घटना में तीन लोगों को गंभीर चोटें आई है। जिनका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। घटना बम्हनीडीह ब्लाक के ग्राम गोविंदा का है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार बम्हनीडीह ब्लॉक के गोविंदा गांव के बस स्टैंड मोड़ के पास शनिवार 24 जनवरी की दोपहर शराब के नशे में धुत ट्रक चालक ने जमकर तांडव मचाया। चांपा रोड तरफ से चावल भरकर आ रहा ट्रक क्रं. सीजी 11 एच 7770 तेजरफ्तार चलाते हुए ईको गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद 11 केवी लाईन खंभे को तोड़कर साथ ही घर के अहाता को तोड़ते हुए सीधे खेत में जा पलटी। हादसे में ट्रक चालक को मामूली चोटें आईं है। हादसे में ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चालक शराब के नशे में चूर होकर ट्रक चला रहा था नशे में तेज रफ्तार के कारण वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और हादसा हो गया। शनिवार दोपहर नशे में चूर ट्रक ड्राइवर द्वारा तेजरफ्तार ट्रक चलाते हुए चांपा तरफ से आ रहा था तभी वह गोविन्दा बस स्टैंड मोड़ पहुंचा था, जहां नवागढ़ कि ओर से आ रही ईको वाहन को टक्कर मारकर 11 केवी विद्युत लाइन भी क्षतिग्रस्त कर रामलाल पटेल के घर का अहाता को तोड़ते हुए खेत में जा पल्टा जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सुरेश अग्रवाल मेमोरियल कप पर एमएसपी ग्रुप बनी उपविजेता

**रायगढ़।** हीरा ग्रुप रायपुर द्वारा आयोजित सुरेश अग्रवाल मेमोरियल कप 2025-26 का भव्य समापन रामबाग, वहीआईपी रोड स्थित मैदान में एक रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रदेश की कुल 24 कॉर्पोरेट टीमों ने भाग लिया।

फाइनल मुकाबले में एमएसपी स्टील और हीरा ग्रुप की टीम आमने सामने रही। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एमएसपी स्टील की टीम ने 20 ओवर में 142 रन का लक्ष्य निर्धारित किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए हीरा ग्रुप की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 19 ओवर में 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और टूर्नामेंट की विजेता बनी। एमएसपी स्टील की टीम उपविजेता रही। इस टूर्नामेंट में एमएसपी रायगढ़ टीम के कुल 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया था। टीम का गठन एमएसपी स्टील के मैनेजिंग डायरेक्टर साकेत अग्रवाल एवं कंपनी के सीईओ बीके सिंह के निर्देशानुसार किया गया था। टूर्नामेंट के दौरान एमएसपी स्टील टीम ने कुल 8 मैच खेले, जिनमें से 6 मैचों में जीत दर्ज की, जबकि 2 मैचों में करीबी हार का सामना करना पड़ा। टीम के समग्र प्रदर्शन ने दर्शकों और आयोजकों दोनों को प्रभावित किया। व्यक्तिगत उपलब्धियां एमएसपी स्टील मैन ऑफ द सीरीज कमलेश साहू टीम संरचना एमएसपी स्टील, टीम कैप्टन तिलेश रमन, मैनेजर नरेश प्रधान, कोच प्रसाद आचार्य मुख्य खिलाड़ी समीर प्रधान, विवेक प्रधान, प्रिंस मंडल, सचिन बेरा, महेश प्रधान, विनायक भोई, अभिजीत मोहन, बिरजू गुप्ता, कमलेश साहू एवं एमडी आहिला। इस टूर्नामेंट ने कॉर्पोरेट क्रिकेट को एक नई पहचान दी और खेल भावना, टीम वर्क एवं प्रतिस्पर्धा के उच्च स्तर का प्रदर्शन किया। हीरा ग्रुप की जीत ने उनकी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण को दर्शाया, वहीं एमएसपी स्टील की उपविजेता उपलब्धि ने टीम की प्रतिभा और खेल भावना को उजागर किया।




## केवट प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु, उमड़ा जनसैलाब

**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरापाठ के मेडरपाठ में इन दिनों भक्ति और अध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। यहाँ आयोजित भव्य श्रीराम कथा के पांचवें दिन धर्म प्रेमियों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा, जिससे पूरा पंडाल छोटा नजर आने लगा। अपनी आस्था और अटूट श्रद्धा के कारण दूर-दराज के गांवों से हजारों राम भक्त कथा श्रवण के लिए पहुंचे और प्रभु की महिमा का गुणगान किया। वर्तमान में मेडरपाठ का वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय



और मंगलकारी हो गया है।

इस भव्य आयोजन में परम शक्ति धाम, गोरखपुर पेंड्रा रोड के पीठाधीश्वर परमात्मानंद महाराज सुमधुर वाणी से भक्तों को मानस का रसपान करा रहे हैं। कथा के पांचवें दिन महाराज जी ने जब प्रभु श्री रामचंद्र, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास जाने के प्रसंग की शुरुआत की, तो पूरा वातावरण शांत और भावुक हो गया। महाराज जी ने 'केवट प्रसंग' की व्याख्या करते हुए बताया कि किस तरह एक साधारण से दिखने वाले केवट ने अपनी चतुराई और अटूट प्रेम से साक्षात ब्रह्म को अपने प्रेम के वश में कर लिया। उन्होंने चौपाई 'अति आनन्द उमंगी अनु रागा, चरण सरोज पाखरन लागा' के माध्यम से केवट की उस मानसिक दशा का वर्णन किया, जब वह प्रभु के चरण पखारते हुए आनंद के अतिरेक में डूबा हुआ था। महाराज जी ने बताया कि केवट ने न केवल प्रभु को नाव से गंगा पार कराया, बल्कि अपनी निस्वार्थ सेवा से प्रभु के हृदय में भी स्थान बना लिया। कथा की विशेषता यह है कि यहां प्रतिदिन प्रभु की लीलाओं को मनमोहक और सजीव झांकियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है, जिसे देखकर भक्त मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। संध्या आरती के अवसर पर क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि यह आध्यात्मिक महोत्सव 27 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगा। आगामी सोमवार को इस महायज्ञ के दौरान विशेष धार्मिक संस्कार भी संपन्न कराए जाएंगें।

## पानीपत से साइकिल से राष्ट्रयात्रा पर निकले दीपक

**जशपुरनगर।** हरियाणा के पानीपत से देशसेवा का संकल्प लेकर निकले दीपक शर्मा इन दिनों एक अनोखी और प्रेरक साइकिल यात्रा पर हैं। 25 मई को शुरू हुई उनकी यह राष्ट्रयात्रा करीब 10 हजार किलोमीटर लंबी है, जो देश के 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। इस दौरान वे चारधाम सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंचेंगे। रविवार को अपनी इसी यात्रा के दौरान दीपक शर्मा जशपुर पहुंचे, जहां उन्होंने लोगों से संवाद कर राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक चेतना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।


दीपक शर्मा ने 25 मई को हरियाणा के पानीपत से अपनी साइकिल यात्रा की शुरुआत की। छह महीनों में 10 हजार किलोमीटर की दूरी तय करने का लक्ष्य लेकर वे द्वारकाधीश, रामेश्वरम, जगन्नाथ पुरी और बद्रीनाथ जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन करेंगे। यह यात्रा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि राष्ट्रभावना से ओतप्रोत जनजागरण अभियान भी है। यात्रा के दौरान दीपक शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत के 9 संकल्पों' का संदेश आम लोगों तक पहुंचा रहे हैं। वे जहां भी रुकते हैं, वहां स्कूलों में बच्चों से मिलते हैं, युवाओं से संवाद करते हैं और बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हैं। उनका कहना है कि यदि हर नागरिक ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करे, तो भारत को आगे बढ़ने से कोई ताकत नहीं रोक सकता है।

### ऑपरेशन सिंदूर और शहीदों को समर्पण

दीपक शर्मा की यह यात्रा सेना और बलिदान की भावना से भी जुड़ी है। वे महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से जुड़े ऑपरेशन सिंदूर का संदेश जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। साथ ही हर पड़ाव पर शहीदों को नमन करते हुए देशसेवा की भावना को मजबूत कर रहे हैं।दीपक शर्मा प्रतिदिन साइकिल से 50 से 60 किलोमीटर की दूरी तय कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस यात्रा में न तो कोई बड़ा स्पॉन्सर है और न ही सरकारी सहायता। केवल आत्मविश्वास, संकल्प और देशप्रेम ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' का संदेश

चारधाम यात्रा के साथ-साथ दीपक शर्मा पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रहे हैं। जशपुर पहुंचने पर उन्होंने मातृ वन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. जी.एस. जात्रा, डीपीओ विपिन शर्मा, डीपीएम राजीव रंजन मिश्रा, अधिवक्ता जे.पी. सिन्हा, सतेंद्र जाल्हे और वन विभाग के विनोद भगत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। दीपक शर्मा का कहना है कि उनकी यात्रा भले ही भौगोलिक रूप से बद्रीनाथ में समाप्त होगी, लेकिन असली मकसद देश के कोने-कोने में जागरूकता, देशभक्ति और विकास की सोच को मजबूत करना है। उनका मानना है कि आजादी को केवल मनाने की नहीं, बल्कि उसे अपने कर्म और जिम्मेदारी से निभाने की जरूरत है।






# गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**विजय अग्रवाल**
किरोड़ीमलनगर, रायगढ़

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**सब ऐरिया मैनेजर**
बरौंद, जिला- रायगढ़ एवं समस्त स्टाफगण

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**राकेश पाण्डेय**
प्रदेश यूथ कांग्रेस महासचिव

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**सब एरिया मैनेजर**
जामपाली रायगढ़

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**ओपी जिंदल स्कूल**
प्राचार्य एवं विद्यालय परिवार
नलवा स्टील एण्ड पावर लिमिटेड
तराईमल, जिला रायगढ़

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**विजय अग्रवाल**
पूर्व विधायक रायगढ़

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**अनूप रोड कैरियर**
पतरापाली जिंदल रोड रायगढ़

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**एमएसपी स्टील एण्ड पावर लिमिटेड जामगांव रायगढ़**

# गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं....

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अमिल अग्रवाल गोगा राइसमिल, रायगढ़

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बिमला इंफास्ट्रक्चर
इंडिया प्राइवेट लिमिटेड भूपदेवपुर, रायगढ़

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




स्वामी आत्मानंद
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायकेरा
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफगण, घरघोड़ा

गणतंत्र दिवस
की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गायत्री राइस मिल
सरिया

गणतंत्र दिवस
की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Happy Republic Day
कृष्णा सालवेंट
पटेलपाली रोड, रायगढ़




गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
महाप्रबंधक- एसईसीएल
रायगढ़ परिक्षेत्र एवं समस्त स्टाफगण रायगढ़

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




प्राचार्य
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
कटाईपाली सी एवं समस्त स्टाफगण

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



आदर्श ग्राम्य भारती विद्या मंदिर परिवार
धौराभाठा, तमनार

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम HP
विनायक पेट्रोलियम
चंद्रशेखरपुर ऐडू छाल

# गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




















































गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
26 January Republic Day
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आदिम जाति मर्यादित सोसायटी खम्हरिया पंजीयन क्रमांक 842
वेणुधर प्रधान
प्रबंधक
नोहर सिंह साय
अध्यक्ष
एवं समस्त स्टाफगण, तमनार


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
26th January
सनत नायक
कोषाध्यक्ष, जिला भाजपा रायगढ़


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
26
JANUARY
बजरंग बंसल
रायगढ़


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
बिमल सिंह
अपेक्स बैंक शाखा तमनार


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Happy Republic Day
श्री हरिहर पटेल
प्रो. धरनी ढाबा


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गणतंत्र दिवस
26 JANUARY
विक्रांत कुमार
वन परिक्षेत्राधिकारी एवं समस्त स्टाफ तमनार
मंदिरों में बंटे यही प्रसाद एक पौधा व थोड़ी सी खाद
हर मस्जिद से यही अजान दरख्त लगाए हर इंसान
अब गूंजे गुरुद्वारे में वानी दे हर बंदा पौधों को पानी
सभी चर्च दें अब ये शिक्षा वृक्षारोपण यीशू की इच्छा


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शिखा रविन्द्र गबेल
अध्यक्ष
जिला पंचायत रायगढ़
रविन्द्र गबेल


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
दीपक सिदार
उपाध्यक्ष जिला पंचायत
रायगढ़

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




























गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जे.एस.वारे
कार्यपालन यंत्री
केलो परियोजना निर्माण संभाग
लाखा स्थाई मु.खरसिया


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती लक्ष्मदेवी साहू
महिला मोर्चा अध्यक्ष
भाजपा महका मंडल महामंत्री



गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
धरनीधर भारती
ज्योतिष वास्तु न्यूमोलाजी व
मेडिकल एस्ट्रोलॉजी सहित सभी
आध्यात्मिक विषयों में मार्गदर्शन हेतु
संपर्क करें मो. 9425573383



गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
डॉ. टी.के. साहू
प्रसूती एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
संस्कार नर्सिंग होम साहू मेडिकल स्टोर खरसिया


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
एक शुभचिंतक


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
26
JANUARY
उमेश पटेल
विधायक खरसिया
अभय महंती
प्रदेश प्रतिनिधि छ.ग. कांग्रेस


SKY TMT
राष्ट्र की ताकत
Strength that supports the nation
today and always.
Happy Independence Day
Quality Product of SKY GROUP
Kharsia, Raigarh (C.G.)
+91-72258-39400


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
BHATIA ENERGY AND
MINERALS PVT.LTD
(COAL WASHERY & PRIVATE RAILWAY SIDING
CHHOTE DUMARPALI KHARSIYA (C.G.)
(INDERMANI GROUP)


India
26
January
HAPPY REPUBLIC DAY
उमेश नंदकुमार पटेल
विधायक खरसिया


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
चौधरी अमित त्रिपाठी
उपाध्यक्ष, नगर पंचायत घरघोड़ा
पार्षद वार्ड क्र. 10, पी.आई.सी. सदस्य
आवास, पर्यावरण, लोक निर्माण एवं जलकार्य विभाग

## खबर संक्षेप

### महिलाओं को साहिवाल नस्ल की दुधारू गायों का वितरण



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह निवास बगिया में गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन तथा महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित डेयरी समग्र विकास योजना अंतर्गत दुधारू पशु प्रदाय योजना के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग की पात्र महिलाओं को साहिवाल नस्ल की दो-दो दुधारू गायों का वितरण किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने पशुपालकों को पशुपालक स्वास्थ्य कार्ड भी प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने विधिवत गाय की पूजा की तथा अपने हाथों से चारा खिलाया। श्रीमती कौशल्या साय और जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय भी इस दौरान मौजूद रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कहा कि गाय को हम सभी माता मानकर पूजते हैं। गाय जीवनदायिनी है इसके दूध एवं दूध से बने उत्पाद हमें पोषण प्रदान करते हैं, वहीं गोबर और गौमूत्र का औषधीय सहित विभिन्न अन्य उपयोगों में भी महत्वपूर्ण योगदान है।

### कांसाबेल में सुनी मन की बात की 130वीं कड़ी



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांसाबेल में जन प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रेडियो वार्ता 'मन की बात' की 130वीं कड़ी सुनी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह देश की सकारात्मक सोच, नागरिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने वाला मंच है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए सभी उदाहरण यह दर्शाते हैं कि जनभागीदारी, नवाचार और कर्तव्यबोध से देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात कर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, लोकतांत्रिक सहभागिता और गुणवत्ता आधारित कार्य संस्कृति को अपनाने की अपील की।

### सरस्वती शिशु मंदिर में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी निर्देशन में जिले में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु नवीनतम तकनीकों के माध्यम से स्मार्ट क्लास का संचालन किया जा रहा है। आज की शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक आधारित शिक्षण व्यवस्था से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी।

## जशक्राफ्ट को मिला राष्ट्रीय पहचान का नया मंच, जिले की स्व सहायता समूहों ने किया एमओयू

# बांस, छिंद, मिट्टी एवं लकड़ी से बनाए उत्पाद मिलेंगे एयरपोर्ट पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

वन विभाग की पहल पर जिले में महिला सशक्तिकरण और वन आधारित आजीविका को नई दिशा देने वाला एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सान्निध्य में विगत दिवस बगिया में रेयर प्लेनेट संस्था तथा जशपुर जिले की स्व-सहायता समूहों जागरण, स्माईल आरती, राखी एवं मुस्कान समूह के मध्य जशक्राफ्ट ब्रांड के उत्पादों के विपणन हेतु अनुबंध समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष रेयर प्लेनेट संस्था से हुआ ऐतिहासिक एमओयू

इस समझौते के अंतर्गत अब जशपुर की जनजातीय महिलाओं द्वारा बांस , छिंद, मिट्टी एवं लकड़ी से निर्मित हस्तशिल्प, आभूषण एवं सजावटी उत्पाद देश के प्रमुख एयरपोर्ट्स पर संचालित रेयर प्लेनेट के बिक्री केंद्रों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध होंगे। इससे स्थानीय स्व-सहायता समूहों को स्थायी बाज़ार, बेहतर मूल्य तथा नियमित आय का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एमओयू को जशपुर की महिलाओं के लिए एक निर्णायक उपलब्धि बताते हुए कहा कि जशक्राफ्ट जैसे ब्रांड के माध्यम से हमारी आदिवासी बहनों की कला अब देशभर के लोगों तक पहुँचेगी। यह केवल उत्पादों की बिक्री नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, आर्थिक स्वतंत्रता और स्वावलंबन की मजबूत नींव है। राज्य सरकार का प्रयास है कि वन एवं परंपरागत ज्ञान आधारित आजीविका को बाजार से जोड़ा जाए, ताकि महिलाएं अपने गांव में रहकर सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें।




**केंद्र में महिला कारीगर:** इस पहल के केंद्र में आदिवासी महिला कारीगर हैं, जिनके हाथों से बिना मशीनों के बने उत्पाद परंपरा, प्रकृति और आत्मनिर्भरता का संदेश देते हैं। जशक्राफ्ट आज स्वदेशी ज्ञान से आकार लेते हुए एक टिकाऊ और सम्मानजनक आजीविका मॉडल के रूप में उभर रहा है। वनमण्डलाधिकारी जशपुर वनमण्डल जशपुर ने बताया कि वन विभाग द्वारा संचालित यह पहल महिला स्वावलंबन, वन आधारित आजीविका और स्थानीय उत्पादों के राष्ट्रीय बाजारीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध हो रही है, जो आने वाले समय में जशपुर को हस्तशिल्प के मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिलाएगी।

**उत्पादों की सराहना:** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा "जशक्राफ्ट" पर आधारित विशेष पुस्तक का विमोचन किया गया। उन्होंने जशक्राफ्ट के अंतर्गत तैयार किए गए आभूषणों एवं हस्तनिर्मित उत्पादों का अवलोकन कर उनकी गुणवत्ता, कलात्मकता और नवाचार की प्रशंसा की। स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी एवं विधायक श्रीमती गोमती साय का जशक्राफ्ट ब्रांड के पारंपरिक आभूषण पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। जो महिला सशक्तिकरण और स्थानीय संस्कृति के सम्मान का प्रतीक बना। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा जशक्राफ्ट ब्रांड के प्रचार-प्रसार हेतु तैयार वीडियो का भी विमोचन किया गया, जिससे जशक्राफ्ट को व्यापक पहचान मिलने की उम्मीद है।

**सांस्कृतिक विरासत से जन्मा ब्रांड :** उल्लेखनीय है कि जशक्राफ्ट केवल एक ब्रांड नहीं, बल्कि जशपुर जिले की समृद्ध जनजातीय सांस्कृतिक विरासत की अभिव्यक्ति है। जिले की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या जनजातीय समुदायों से आती है, जहाँ पीढ़ियों से बाँस, कांसा घास, छिंद पत्ते, लकड़ी और मिट्टी से हस्तनिर्मित कलाकृतियाँ तैयार की जाती रही हैं। पूर्व में संगठित व्यवस्था और बाजार की कमी के कारण कारीगरों की प्रतिभा सीमित रह जाती थी। जिला प्रशासन की पहल से जशक्राफ्ट के रूप में ऐसा मंच तैयार हुआ, जो जशपुर के आठों विकासखंडों के कारीगरों को एकजुट कर उनकी कला को पहचान, संरक्षण और बाजार उपलब्ध करा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने कोतबा में 10 करोड़ की जल आवर्धन योजना का किया लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले के विकास की कड़ी में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जोड़ते हुए नगर पंचायत कोतबा में जल आवर्धन योजनाश का विधिवत लोकार्पण किया। लगभग 9.85 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस महत्वाकांक्षी परियोजना को मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की जनता को समर्पित किया।

इस योजना के प्रारंभ होने से क्षेत्र की लगभग 8,580 की आबादी के लिए शुद्ध और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है। लोकार्पण के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर घर जल के संकल्प को तेजी से पूरा कर रही है। कोतबा की इस योजना से न केवल लोगों को स्वच्छ पानी मिलेगा, बल्कि जलजनित बीमारियों से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि शुद्ध जल न केवल एक आवश्यकता है, बल्कि यह एक स्वस्थ जीवन का आधार भी है। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र वासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना आप सभी के जीवन में समृद्धि और बेहतर स्वास्थ्य लेकर आए। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि प्रदेश सरकार हर गांव और हर घर तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए संकल्पित है।















25- JAN- Rai-PAGE-1_Layout 1 25-01-2026 20:08 Page 1

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

# रायगढ़-जशपुर भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, सोमवार, 26 जनवरी 2026

## गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**विजय अग्रवाल**
किरोड़ीमलनगर, रायगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**सब ऐरिया मैनेजर**
बरौंद, जिला- रायगढ़ एवं समस्त स्टाफगण

कोल इण्डिया Coal India

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**राकेश पाण्डेय**
प्रदेश यूथ कांग्रेस महासचिव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

26 January Republic Day

**सब एरिया मैनेजर**
जामपाली रायगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

26 January Republic Day

**ओपी जिंदल स्कूल**
प्राचार्य एवं विद्यालय परिवार
नलवा स्टील एण्ड पावर लिमिटेड
तराईमल, जिला रायगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**विजय अग्रवाल**
पूर्व विधायक रायगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**अनूप रोड कैरियर**
पतरापाली जिंदल रोड रायगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**एमएसपी स्टील एण्ड पावर लिमिटेड जामगांव रायगढ़**

25- JAN- Rai-PAGE-2_Layout 1 25-01-2026 20:00 Page 1
























# समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

संकलनकर्ता
अंबिका सोनवानी
हरिभूमि प्रतिनिधि, घरघोड़ा
समाचार एवं विज्ञापन के लिए
संपर्क करें-7223040303

















































25- JAN- Rai-PAGE-4_Layout 1 25-01-2026 20:04 Page 1



# गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



















